उस बाँसुरी वाले की नीले घोड़े वाले की,
उस बाँसुरी वाले की नीले घोड़े वाले की।
गोदी में सो जाऊँ मेरा दिल करता है
श्याम के भजनों में खो जाऊ ।।

देखी दुनिया दीवानी,
ये मतलब की मस्तानी,
बिन मतलब रुख ना जोड़े,
यहाँ नित नित नयी कहानी,
किस किस को छोड़ बाबा,
किस किस को अपनाऊँ,
मेरा दिल करता है, श्याम के
भजनो में खो जाऊँ ।।

सुख दुःख पहलू जीवन के
बस वहम ही है ये मन के,
कोई हस हस के सहता है
कोई सहता है तन मन के।
जीवन की पहेली उलझीं
मैं कैसे समझाऊ।।
मेरा दिल करता है श्याम के
भजनों में खो जाऊं।।

बंधन दुनिया के झूठे
कोई माने कोई रूठे,
संजू चाहे जग छूटे
ये तार कभी ना टूटे।
बस इतनी किरपा कर दे
मैं तेरा हो जाऊ,
मेरा दिल करता है श्याम के
भजनों में खो जाऊ ।।

उस बाँसुरी वाले की नीले घोड़े वाले की,
उस बाँसुरी वाले की नीले घोड़े वाले की।
गोदी में सो जाऊँ मेरा दिल करता है
श्याम के भजनों में खो जाऊ ।